दिनांक 24.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे साफ–सफाई, एकत्रित कचरें को उठायें जाने की व्यवस्था का स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर प्रतिदिन की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। सफाई कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेंगी मेरे द्वारा लगातार निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई व्यवस्था को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया जावेंगा।

निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब, उद्यान एवं लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्य का समय–समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है। तथा समीक्षा बैंठक के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्य प्रगति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जाते है दिये गये निर्देशानुसार समस्त विभाग प्रमुख एवं जोन आयुक्त कार्य का संपादन करें। निर्धारित समयावधि में कार्य का निराकरण नहीं किये जाने पर जवाब देही तय कर संबंधित के ऊपर अनुशानात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिया। वार्ड भ्रमण के दौरान स्वयं आयुक्त महोदय, द्वारा वार्ड में चल रहे विकास कार्यो एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए वार्ड के नागरिकों से भेंट कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जायजा लेते हैं।

निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित रुप से प्रतिदिन नाली, सड़क, बडे नाला, सार्वजनिक स्थल सहित आदि में सफाई कार्य किया जा रहा है तथा वार्ड में निर्धारित स्थान पर एकत्रित कचरें को उठाये जाने की व्यवस्था नियमित की जाती है। स्वास्थ्य अधिकारी ने निगम के सभी स्वच्छता निरीक्षकों से प्रतिदिन संपर्क स्थापित कर वार्डो में सफाई व्यवस्था का जानकारी लेते हैं। सुलभ शौचालय की साफ–सफाई, सुलभ में रखे रजिस्टर, पानी, बिजली की व्यवस्था का निरीक्षण प्रतिदिन स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा किया जा रहा है एवं एकत्रित कचरे को ट्रक के माध्यम से निर्धारित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि निगम द्वारा चलाये जा रहे नियमित सफाई व्यवस्था में आप अपना पूर्ण सहयोग देवें तथा घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को दें स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्र पर निरंतर भ्रमण कर और प्रतिदिन की गई सफाई व्यवस्था के संबंध में निगम आयुक्त एवं मुझे प्रतिदिन अवगत करावें।

जनसंपर्क अधिकारी

JCB